Need to take remedial action to prevent frequent accidents occurring on N.H. 162-E in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.-laid

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द (राजस्थान) में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 162-E (हल्दीघाटी खमनोर से निचली ओडन तक) सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है परन्तु इस सड़क निर्माण कार्य में अनेक खामियाँ हैं । जैसे सड़क निर्माण के लिए जहाँ पहाड़िया काटी गई हैं वहाँ अब पत्थर और पहाड़ दरक रहे हैं और इस सम्बन्ध में युक्तियुक्त सुरक्षा उपायों के समायोजन का अभाव भी दृष्टिगत हो रहा है । सड़क के किनारे रेलिंग के द्वारा भी सुरक्षा का भी समुचित प्रबंधन नहीं किया जा सका है । राजमार्ग पर निचली ओडन से हल्दीघाटी तक लगभग 13 कि.मी. की टू-लेन में लगभग 25 अत्यधिक घुमावदार मोड़ हैं और सरसूनिया के पास तो विगत एक माह में कई सड़क हादसे हो चुके हैं जिसमें जान-माल की भी हानि हो चुकी है नियमों के अनुरूप पौधारोपण भी नहीं किया गया है । अत: मेरी सरकार से मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 162-E पर हल्दीघाटी खमनोर से निचली ओडन तक बन चुकी सड़क में अधिक संख्या में बने घुमावदार मोड़ व सड़क सुरक्षा उपायों के साथ सड़क किनारे किये गए पौधारोपण कार्यों की समीक्षा तथा लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही की जाये ।